दिनांक:- 03-10-2023

बी.एड. (ODL) सत्र 2023-25 तृतीय काउंसलिग हेतु सूचना

बी.एड. (ODL) सत्र 2023-25 में प्रवेश हेतु तृतीय काउंसलिंग का आयोजन दिनांक 10-10-2023 को किया जाना है। तृतीय काउंसलिंग के अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है। अभ्यर्थी निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व एक सेट उनकी **स्व- प्रमाणित छायाप्रति** के साथ दिनांक 10-10-2023 को प्रात: 10:30 बजे **उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, तीन पानी बाई पास रोड , नियर टांसपोर्ट नगर , हल्द्वानी**, उत्तराखण्ड में उपस्थित होंगे। काउंसलिंग के समय सम्बंधित आवश्यक प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत ना करने की दशा में ऐसे अभ्यर्थी को यदि प्रवेश नहीं मिलता है तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। यदि कोई अभ्यर्थी किसी श्रेणी से सम्बन्ध रखता है तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत उपयुक्त प्रमाण पत्र के साथ काउंसलिंग के समय उपस्थित हो। **अभ्यर्थियों को तिथिवार दी गयी सूची के अनुसार ही काउंसलिंग के लिए उपस्थित होना है।**

काउंसलिंग के समय निम्नलिखित प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों के साथ उपस्थित होना आवश्यक है -

1. दो पासपोर्ट साईज फोटो।
2. हाई स्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक के सभी अंक पत्रों व उपाधि प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व उनकी **स्व- प्रमाणित छायाप्रति।**
3. NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस- टू -फेस) से अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम का मूल अंक पत्र व उपाधि प्रमाण पत्र व उनकी स्व- प्रमाणित छायाप्रति और जिस संस्थान से उन्होंने पाठ्यक्रम पूर्ण किया है उस सम्बंधित संस्थान से उक्त कार्यक्रम को चलाने हेतु NCTE द्वारा निर्गत किए गए Recognition letter की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. निर्धारित फार्मेट में सम्बंधित विद्यालय / विभाग से सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate- NOC)। NOC का प्रारूप संलग्न है।
5. किसी श्रेणी से सम्बंधित होने की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत उपयुक्त मूल प्रमाण पत्र व उसकी छायाप्रति ।
6. प्रत्येक अभ्यर्थी को रु० 500/- काउंसलिंग शुल्क विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।
7. काउंसलिंग के पश्चात प्रवेश की पुष्टि हो जाने की स्थिति में प्रवेश आवेदन पत्र के **साथ रु० 10250/- की धनराशि (प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश शुल्क के रूप में)** को बैंक चालान या Debit Card या QR Code के माध्यम से विश्वविद्यालय कोष में जमा करना सुनिश्चित करें।
8. **काउंसलिग के लिए उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को ABC Id बना के लानी है। ABC Id बनाने हेतु दिए गए लिंक पर जाएं** https://digilocker.meripehchaan.gov.in/signin/

Scanned with OKEN Scanner

9. द्वितीय काउंसलिंग के पश्चात रिक्त रही सीटों के सापेक्ष ही प्रवेश दिया जाएगा।

10. निर्धारित सीटों से अधिक अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा में समान अंक प्राप्त होने की दशा में स्नातक में प्राप्त प्रतिशत के आधार पर प्रवेश हेतु वरीयता दी जाएगी।

काउंसलिंग के लिए बुलाए जाने का अर्थ यह नहीं है कि –

- **अभ्यर्थी बी0एड0 (ODL) में प्रवेश सम्बन्धी पात्रता को पूर्ण करता है।**
- **अभ्यर्थी का प्रवेश सुनिश्चित है।**

अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परामर्श के समय मेरिट में ऊपर होने तथा पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी प्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने के उपरान्त ही प्रवेश पूर्ण समझा जाएगा।

काउंसलिंग संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप संपर्क कर सकते हैं :-

- Dr. Digar Singh Farswan, 9897262526, dsfarswan@uou.ac.in
- Dr. Mamta Kumari, 9997457463, mtamta@uou.ac.in
- Mr. Vinay Rawat, 9411888913, vrawat@uou.ac.in

नोट :- काउंसलिग हेतु रिपोर्टिंग का समय अपराह्न 02.00 बजे तक ही है।

03.10.23

विभागाध्यक्ष
शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

03/10/2023

समन्वयक
बी.एड. कार्यक्रम

Scanned with OKEN Scanner